प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी राज्यों से स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा तेजी से विकसित करने का आग्रह किया, आकांक्षी जिला पर विशेष ध्यान देने की अपील की ।
2. केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह आज रांची में गेल इंडिया के सीबीजी प्लांट का करेंगे दौरा, पुरानी विधानसभा में काल्पनिक संसद का करेंगे उद्घाटन।
3. सीबीएसई ने की घोषणा, अब साल में 2 बार होगी 10वीं की बोर्ड परीक्षा,फरवरी में पहला और मई में दूसरा चरण ।
4. झारखंड में पहली बार हुआ बाघ का सफल रेस्क्यू, पलामू टाइगर रिजर्व और रांची वन प्रमंडल की टीम ने सिल्ली में चलाया अभियान।
5. और, मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज आंधी, भारी बारिश और वज्रपात का जारी किया ऑरेन्ज अलर्ट ।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी राज्यों से स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा तेजी से विकसित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री–आयुष्माान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने विशेष रूप से आकांक्षी जिलों पर ध्यान देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक निर्धन, और वंचित वर्गों की समान पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि पीएम–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन राज्यों को अपनी स्वास्थ्य सुविधाएं सशक्त बनाने का अवसर देता है।

**********************

आज मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। यह दिवस मादक पदार्थ मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्रवाई और सहयोग मजबूत करने का आह्वान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाने के लिए मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो –एनसीबी की सराहना की।

इधर राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के समापन के अवसर पर आज सुबह रांची में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

**********************

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह आज रांची में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री गेल इंडिया के सीबीजी प्लांट का दौरा करने के बाद पुरानी विधानसभा में काल्पनिक संसद का उद्घाटन करेंगे। आज श्री सिंह प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन और पौध रोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे ।

**********************

गिरिडीह के सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कोयला भवन धनबाद में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता के साथ ब्लॉक –2 के विस्थापितों के लिए मुआवजा, नियोजन समेत 21 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता की। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा सभी मांगों को मान लिया गया। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर कोयला चोरी पर रोक और अन्य मांगों पर अनुपालन का निर्देश दिया गया है।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कल नई दिल्ली के गंगाराम हॉस्पीटल में इलाजरत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने शिबू सोरेन के जल्द

स्वस्थ होने की कामना की। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी डॉक्टरों से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि शिबू सोरेन की तबीयत स्थिर है।

**********************

रांची में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड– सीसीएल की सीएसआर योजना 'लाल लाडली' के तहत आईआईटी की निःशुल्क तैयारी के लिए इस वर्ष योजना के तहत 20 बालक और 20 बालिकाओं का चयन किया गया है। सीसीएल ऑफिसर अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि अब तक 180 से अधिक बच्चे आईआईटी में दाखिला ले चुके हैं और कई बच्चे कोल इंडिया और अन्य सरकारी संस्थानों में कार्यरत है।

**********************

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ एक्सियम–4 मिशन आज दोपहर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार मिशन का भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे पहुंचना निर्धारित है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पहुंचने के साथ ही ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इस केन्द्र में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन जायेंगे।

**********************

सीबीएसई ने 10वीं बोर्ड परीक्षा को साल में दो बार आयोजित करवाने के नियमों को मंजूरी दे दी है। अब अगले साल से एक साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं होगी। पहले चरण की परीक्षा फरवरी और दूसरे चरण की मई में होगी। पहले चरण के नतीजे अप्रैल में और दूसरे चरण के नतीजे जून में आएंगे। इंटरनल असेसमेंट केवल एक बार किया जाएगा.कक्षा–10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में शामिल होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक होगा।

**********************

दुमका जिले में आज से हूल दिवस सप्ताह शुरू हो गया। इसके तहत विभिन्न गांवों में हूल मेले और कार्यक्रमों का आयोजन होगा जो 2 जुलाई तक चलेगा। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता।

**********************

राज्य में पहली बार एक नर बाघ का रेस्क्यू सफलतापूर्वक किया गया। पलामू टाइगर रिजर्व और रांची वन प्रमंडल की संयुक्त टीम ने सिल्ली के मरादू गांव में यह अभियान चलाया। करीब 15 घंटे की मशक्कत के बाद बाघ को पिंजरे में जिंदा पकड़ा गया और उसे पलामू टाइगर रिजर्व ले जाया गया।

**********************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज आंधी, भारी बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया आज गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम समेत कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है जबकि अगले तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी है।

**********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

झरिया संशोधित मास्टर प्लान को केन्द्रीय कैबिनेट से मंजूरी और शुभांशु शुक्ला के एक्सिओम स्पेस मिशन की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– झरिया संशोधित मास्टर प्लान को पांच हजार नौ सौ चालीस करोड़।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– जाम मुक्त बनेगी राजधानी, चार नए फ्लाईओवर के साथ अरगोड़ा चौक तक होगा सुंदरीकरण

प्रभात खबर की सुर्खी है – 41 साल बाद अंतरिक्ष में भारत के शुभांशु।

दैनिक जागरण लिखता है– बाघ के लिए सवा सेर साबित हुए पुरंदर, घर में बंद कर पकड़वाया।

**********************